दिनांक– 20.04.2022 दिन बुधवार को पूर्वान्ह 11.00 बजे नगर निगम मुख्यालय स्थित सदन सभागार में सम्पन्न हुई बैठक, का कार्यवृत्त।

कार्यालय सचिव
नगर निगम,कानपुर

पत्र संख्या :–डी / 52 / सचिव (न0नि0) / 2022–23 दिनांक :– 21/4/2022

सेवा में,

मा0 श्री / श्रीमती / सुश्री..........................

मा0पार्षद वार्ड सं0.........../ पदेन सदस्य / नाम निर्दिष्ट सदस्य

महोदय / महोदया,

कृपया मा0 महापौर जी के कार्यालय पत्र डी / 12 / एम0 / 22–23 दिनांक 13.04.2022 के द्वारा नगर निगम मा0 सदन की बैठक दिनांक 01.01.2022 को अपरिहार्य कारणवश स्थगित बैठक पुनः दिनांक 20.04.2022 दिन बुधवार को प्रातः 11.00 बजे सम्पन्न हुई, का कार्यवृत्त आपकी सेवा में संलग्न कर प्रेषित है।

संलग्नक :–

कार्यवृत्त पृष्ठ संख्या 01 से 06 तक।

सचिव
नगर निगम,कानपुर

प्रतिलिपि :–

1.नगर आयुक्त महोदय की सेवा में संज्ञानार्थ।
2.अपर नगर आयुक्त (प्रथम / द्वितीय) महोदय को सूचनार्थ।
3.समस्त विभागाध्यक्ष / विभागीय अधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

सचिव
नगर निगम,कानपुर

**दिनांक– 20.04.2022 दिन बुधवार को पूर्वान्ह 11.00 बजे नगर निगम मुख्यालय स्थित सदन सभागार में सम्पन्न हुई बैठक, का कार्यवृत्त।**

**उपस्थिति**

| | | |
|---|---|---|
| | श्रीमती प्रमिला पाण्डेय | महापौर / अध्यक्ष |
| 1. | श्री रमेश चन्द्र | पार्षद / सदस्य |
| 2. | श्री शरद कुमार सोनकर | पार्षद / सदस्य |
| 3. | कु0 लक्ष्मी | पार्षद / सदस्य |
| 4. | श्रीमती रीता पासवान | पार्षद / सदस्य |
| 5. | कु0 मोहिनी कनौजिया | पार्षद / सदस्य |
| 6. | श्री गिरीश चन्द्र | पार्षद / सदस्य |
| 7. | श्री मनोज कुमार | पार्षद / सदस्य |
| 8. | श्रीमती आरती गौतम | पार्षद / सदस्य |
| 9. | श्री अवनीश खन्ना | पार्षद / सदस्य |
| 10. | श्री अजीत | पार्षद / सदस्य |
| 11. | श्री मदन बाबू | पार्षद / सदस्य |
| 12. | श्री सुनील कुमार कनौजिया | पार्षद / सदस्य |
| 13. | श्री सौरभ देव | पार्षद / सदस्य |
| 14. | श्री राकेश कुमार | पार्षद / सदस्य |
| 15. | श्रीमती रचना त्रिपाठी | पार्षद / सदस्य |
| 16. | श्री प्रदीप मिश्रा | पार्षद / सदस्य |
| 17. | श्रीमती मधु मिश्रा | पार्षद / सदस्य |
| 18. | श्रीमती शीला पाण्डेय | पार्षद / सदस्य |
| 19. | श्री संजय यादव | पार्षद / सदस्य |
| 20. | श्रीमती विजय लक्ष्मी | पार्षद / सदस्य |
| 21. | श्रीमती निर्मला मिश्रा | पार्षद / सदस्य |
| 22. | श्रीमती मोहिनी शुक्ला | पार्षद / सदस्य |
| 23. | श्रीमती ऊषा मिश्रा | पार्षद / सदस्य |
| 24. | श्रीमती रीता कुशवाहा | पार्षद / सदस्य |
| 25. | श्री घनश्याम गुप्ता | पार्षद / सदस्य |
| 26. | कु0 विधि राजपाल | पार्षद / सदस्य |
| 27. | श्रीमती अंजू मिश्रा | पार्षद / सदस्य |
| 28. | श्री अशोक पाल | पार्षद / सदस्य |
| 29. | श्रीमती नमिता मिश्रा | पार्षद / सदस्य |
| 30. | श्री मनोज कुमार राठौर | पार्षद / सदस्य |
| 31. | श्री महेन्द्र पाण्डेय 'पप्पू' | पार्षद / सदस्य |
| 32. | श्री राज कुमार राजपूत | पार्षद / सदस्य |
| 33. | कु0 कीर्ति अग्निहोत्री | पार्षद / सदस्य |
| 34. | श्री विजय कुमार | पार्षद / सदस्य |
| 35. | श्री अर्पित यादव | पार्षद / सदस्य |

36. श्री दिनेश तिवारी पार्षद / सदस्य
37. श्री महेन्द्र नाथ शुक्ला पार्षद / सदस्य
38. श्री सुशील अवस्थी 'गुड्डू' पार्षद / सदस्य
39. श्रीमती नीतू मिश्रा पार्षद / सदस्य
40. श्री धीरेन्द्र कुमार त्रिपाठी पार्षद / सदस्य
41. श्री सुमित कुमार पाल पार्षद / सदस्य
42. श्री अनिल वर्मा पार्षद / सदस्य
43. श्रीमती सोनी सिंह पार्षद / सदस्य
44. श्री कैलाश चन्द्र पाण्डेय पार्षद / सदस्य
45. श्री मो0 आमिर खान पार्षद / सदस्य
46. श्री जितेन्द्र पार्षद / सदस्य
47. श्री कमल शुक्ल 'बेबी' पार्षद / सदस्य
48. श्री सौरभ तिवारी पार्षद / सदस्य
49. श्री नीरज बाजपेई पार्षद / सदस्य
50. श्रीमती यशोदा देवी पार्षद / सदस्य
51. श्रीमती शकुन्तला देवी पार्षद / सदस्य
52. श्री अरविन्द यादव पार्षद / सदस्य
53. श्री लियाकत अली पार्षद / सदस्य
54. श्रीमती सायमा परवीन पार्षद / सदस्य
55. श्री राजीव सेतीया पार्षद / सदस्य
56. श्री मनोज कुमार पाण्डेय पार्षद / सदस्य
57. श्री अमित कुमार मेहरोत्रा पार्षद / सदस्य
58. श्री यशपाल सिंह पार्षद / सदस्य
59. श्री विकास जायसवाल पार्षद / सदस्य
60. श्री हरि शंकर गुप्ता पार्षद / सदस्य
61. श्रीमती शशी साहू पार्षद / सदस्य
62. श्री सन्तोष साहू पार्षद / सदस्य
63. श्री रशीद आरफी पार्षद / सदस्य
64. श्रीमती अल्पना जायसवाल पार्षद / सदस्य
65. श्री अमनदीप सिंह गम्भीर पार्षद / सदस्य
66. श्रीमती मेनका सिंह सेंगर पार्षद / सदस्य
67. श्री अनूप कुमार शुक्ला पार्षद / सदस्य
68. श्रीमती सायमा परवीन पार्षद / सदस्य
69. श्री गुरू नारायण गुप्ता पार्षद / सदस्य
70. श्री राघवेन्द्र मिश्रा पार्षद / सदस्य
71. श्री प्रमोद जायसवाल पार्षद / सदस्य
72. श्री नवीन पण्डित पार्षद / सदस्य
73. श्री आमोद त्रिपाठी पार्षद / सदस्य
74. श्री प्रशान्त शुक्ला पार्षद / सदस्य
75. श्री मो0 अमीम पार्षद / सदस्य
76. श्री दीपक शर्मा पार्षद / सदस्य

77. श्री योगेन्द्र सिंह — पार्षद/सदस्य
78. श्री अभिषेक गुप्ता — पार्षद/सदस्य
79. श्री मन्नू रहमान — पार्षद/सदस्य
80. श्री अनुज गुप्ता — पार्षद/सदस्य
81. श्री शिवम दीक्षित — पार्षद/सदस्य
82. श्रीमती शबनम बानों — पार्षद/सदस्य

नामित सदस्य

1. श्री सत्येन्द्र मिश्रा
2. श्री सरदार मंजीत सिंह
3. श्री शिव शंकर सैनी
4. श्री अतुल शुक्ला
5. श्री प्रवीण सचान

पदेन सदस्य

1— श्री अमिताभ बाजपेई
(मा० विधानसभा सदस्य)

2- श्री इरफान सोलंकी
(मा० विधानसभा सदस्य)

<u>अधिकारीगण</u>

1. श्री शिवशरणप्पा जीएन, नगर आयुक्त
2. श्री सूर्य कान्त त्रिपाठी, अपर नगर आयुक्त
3. श्रीमती रोली गुप्ता, अपर नगर आयुक्त
4. श्री अशोक कुमार त्रिपाठी, मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी
5. श्री एस० के० सिंह, मुख्य अभियन्ता (सिविल)
6. श्री नीरज गौड़, महाप्रबन्धक जलकल विभाग, नगर निगम
7. श्री राधे श्याम पटेल, सचिव नगर निगम

वन्दे मातरम गायन के पश्चात् अध्यक्ष ने नगर आयुक्त को कार्यसूची के अनुसार बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करने के निर्देश दिये, तद्नुसार श्री सूर्य कान्त त्रिपाठी, अपर नगर आयुक्त ने सदस्यों को कार्यसूची के अनुसार नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा 51 की उपधारा 7 में विहित प्राविधानों के तहत 31 दिसम्बर 2021 को सेवानिवृत्त हुये 06 मा० कार्यकारिणी समिति के सदस्यों के स्थान पर 06 कार्यकारिणी समिति के सदस्यों का निर्वाचन होने को अवगत कराया, तद्नसार कार्यक्रम निम्नवत् है :—

कानपुर नगर निगम में कार्यकारिणी समिति के 06 सदस्यों के निर्वाचन हेतु कार्यक्रम
वर्ष—2022

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | नाम निर्देशन प्रपत्रों का वितरण | 12.00 बजे से | 01.00 बजे तक |
| 2. | नाम निर्देशन प्रपत्रों को भर कर निर्वाचन अधिकारी को प्राप्त कराने की समयावधि | 13.00 | 14.00 |
| 3. | नाम निर्देशन प्रपत्रों की जाँच एवं वैध तथा अवैध पाये गये | 14.00 | 14.30 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | नाम निर्देशन प्रपत्रों एवं प्रत्याशियों की घोषणा | | |
| 4. | नाम वापसी की समयावधि निर्धारण एवं वापसी के उपरान्त अंतिम रूप से निर्वाचन हेतु प्रत्याशियों की संख्या की घोषणा | 14.30 | 15.00 |
| 5. | निर्वाचन प्रक्रिया प्रारम्भ करने की घोषणा (निर्वाचन अधिकारी द्वारा) | 15.00 | --- |
| 6. | मतपत्रों का मुद्रण | 15.00 | 16.00 |
| 7. | मतदान की अवधि | 16.00 | 18.00 |
| 8. | मतपत्रों की गणना | 18.00 | समाप्ति तक |
| 9. | कार्यकारिणी समिति के चुनाव परिणाम की घोषणा | --- | --- |

**विशेष रूप से अवगत कराना है कि** मतदान के पश्चात् मतपत्रों की गणना एवं चुनाव परिणाम कम्प्यूटर द्वारा तैयार करने का कार्य समिति कक्ष में किया जायेगा। **सभी प्रत्याशी स्वयं अथवा उनका एक प्रतिनिधि (दोनो में से केवल एक) मतगणना के समय समिति कक्ष में उपस्थित रह सकेंगे।**

श्री कमल शुक्ल "बेबी" ने सदन में मंचासीन अध्यक्ष महोदया, नगर आयुक्त एवं सभी सम्मानित सदस्यों का स्वागत करते हुये कहा कि सर्वसम्मति से छः कार्यकारिणी सदस्यों का चयन हो जाने से एक इतिहास कायम हो जायेगा और आपका नाम भी होगा। इसी परिप्रेक्ष्य में मैं काँग्रेस पार्षद दल से श्री मो0 आमिर का नाम कार्यकारिणी सदस्य के लिये प्रस्तावित करता हूँ।

श्री अर्पित यादव ने कहा कि स0पा0 पार्षद दल की ओर से पार्षद दल के नेता श्री अभिषेक गुप्ता का नाम कार्यकारिणी सदस्य के लिये प्रस्तावित करता हूँ।

श्री सत्येन्द्र मिश्रा ने कहा कि माननीय अध्यक्ष महोदया एजेण्डा के अनुसार कार्यकारिणी समिति के छः सदस्यों का निर्वाचन होना है। चूँकि काँग्रेस व स0पा0 पार्षद दल की तरफ से कार्यकारिणी सदस्य हेतु एक–एक नाम प्रस्तावित किया जा चुका है तद्नुक्रम में मैं भा0ज0पा0 पार्षद दल की ओर से श्रीमती निर्मला मिश्रा, श्री मनोज राठौर, श्री सौरभ देव एवं श्री प्रशान्त शुक्ला का नाम कार्यकारिणी सदस्य हेतु प्रस्तावित करता हूँ। इसी के साथ मेरा आपसे अनुरोध है कि कार्यकारिणी के छः सदस्यों का निर्वाचन होना है और सभी दलो की ओर से कुल छः सदस्यों का नाम ही प्रस्तावित किया गया है। तद्नुसार उक्त छः सदस्यों के नामों की घोषणा की जा सकती है। इसी के साथ आपसे आग्रह है कि ग्रीष्म ऋतु के दुष्टिगत कानपुर महानगर में सार्वजनिक स्थानों यथा हास्पिटल, प्रमुख मन्दिर, गुरूद्वारा एवं जहाँ पर जनता का आवागमन अधिक हो, वहाँ पर सबमर्सिल पम्प व हैण्डपम्प अधिष्ठापित कराने का कष्ट करें, जिससे आम जनमानस को पेयजल का लाभ मिल सके।

श्री मनोज कुमार पाण्डेय ने कहा कि कार्यकारिणी सदस्य का चुनाव सर्वसम्मति से होना सम्भव नही है क्योंकि मैं भी प्रत्याशी हूँ।

श्री अभिषेक गुप्ता ने कहा कि श्री मनोज पाण्डेय पूर्व से ही निर्दलीय सदस्य के रूप में बैठकों में प्रतिभाग कर रहे है। इन्होंने आज तक स0पा0 की सदस्यता ग्रहण नही की है।

श्री अर्पित यादव ने कहा कि नाम निर्देशन प्रपत्र वितरण में समय है। हमें समय दे दिया जाये हम आपस में बात कर लेंगे और मान मन्नउवल होने लगी।

अध्यक्ष ने सदस्यों को अवगत कराया कि 10 नाम निर्देशन प्रपत्र वितरित हुये है, जिसमें से 08 नाम निर्देशन प्रपत्र वापस हुये है, जो जाँच में सही पाये गये है, विवरण नम्नवत् है :–

1. श्रीमती निर्मला मिश्रा
2. श्री सौरभ देव
3. श्री मनोज कुमार राठौर
4. श्री मो0 आमिर खान
5. श्री प्रशान्त शुक्ला
6. श्रीमती आरती गौतम
7. श्री मनोज कुमार पाण्डेय
8. श्री अभिषेक गुप्ता

अध्यक्ष ने अपरान्ह 14.30 बजे पुनः सदस्यों को अवगत कराया कि चूँकि श्रीमती आरती गौतम एवं श्री मनोज कुमार पाण्डेय ने कार्यकारिणी समिति के प्रत्याशी पद से अपना–अपना नाम वापस ले लिया है। अतः कार्यकारिणी समति के छः सदस्य चयनित हुये, जो निम्नवत् है :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री अभिषेक गुप्ता | वार्ड–101 |
| 2. | श्रीमती निर्मला मिश्रा | वार्ड–27 |
| 3. | श्री प्रशान्त शुक्ला | वार्ड–95 |
| 4. | श्री मनोज कुमार राठौर | वार्ड–39 |
| 5. | श्री मो0 आमिर खान | वार्ड–59 |
| 6. | श्री सौरभ देव | वार्ड–15 |

इसी के साथ सभी सदस्यों के संज्ञान में लाना चाहती हूँ कि 72 घण्टे के पश्चात् कार्यकारिणी समिति की बैठक आहूत की जायेगी। अतः जिन सदस्यों के प्रस्ताव हो वह निर्धारित समयवधि में सचिव नगर निगम के प्रस्तुत कर दें, ताकि वह कार्यसूची में अंकित किये जा सके। कार्यकारिणी समिति की बैठक के समय कोई प्रस्ताव नही लिये जायेगे।

अध्यक्ष महोदया ने सभी सदस्यों से आज दिनांक 20.04.2022 को नगर निगम मुख्यालय मोतीझील स्थित सभागार में पूर्वान्ह 11:00 बजे सम्पन्न हुई सदन की बैठक की पुष्टि हेतु अपना–अपना अभिमत व्यक्त करने हेतु कहा।

**................. सभी सदस्यों द्वारा आज दिनांक 20.04.2022 को नगर निगम मुख्यालय मोतीझील स्थित सभागार में पूर्वान्ह 11:00 बजे सम्पन्न हुई सदन की बैठक की ध्वनिमत से पुष्टि की गई।**

अन्त में राष्ट्रगान के पश्चात् बैठक का समापन हुआ।

(प्रमिला पाण्डेय)
महापौर / अध्यक्ष